जब कोई न हो अपना

संसार के जीवों पर आशा न किया करना ।
जब कोई न हो अपना शिव नाम जपा करना ॥

जीवन के समुन्दर में तूफान भी आते हैं ।
जो भोले के सहारे है उन्हें वे ही बचाते हैं ।
भगवान भी कहते हैं जीवों पे दया करना ॥

दावा न जमा लेना ये देश बेगाना है ।
मानव का ये चोला है फिर से नहीं पाना है
यूं ही न गवां देना हरि नाम जपा करना ॥

हे मन तू दुख में मत रो भोले तो दूर नहीं ।
भक्तों का दुःखी होना प्रभु को मंजूर नहीं ।
वो आप ही आयेगें तुम याद किया करना ॥

तुम याद करो दिल से दुःख दरद मिटा देंगे ।
सच्चा जो प्रेमी होगा प्रभु खुद ही दरश देंगे ।
नि:स्वार्थ भाव से तुम बस याद किया करना ॥

जब जब दुःख के बादल आये मंडरा करके ।
तुम भूल नहीं जाना भोले को दुःख पा करके ।
दुःख वो आप मिटायेंगे तुम याद किया करना ॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7514/title/jab-koi-na-ho-apna-shiv-naam-japa-karna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |